### महिला के परिजनों ने की न्यूटन पुलिस बल की प्रशंसा, परासिया क्षेत्र में यह घटना बनी चर्चा का विषय

## नदी में बहकर आई बुजुर्ग को सुरक्षित निकाला गया बाहर







हरिभूमि न्यूज ▸▸ परासिया

न्यूटन नंबर 9 वार्ड 10 क्षेत्र में पेंच नदी डेम के समीप एक बुजुर्ग महिला के अधमरी अवस्था में पड़े होने की सूचना मिलते ही न्यूटन पुलिस चौकी अमला हरकत में आया और बड़ी मशक्कत से नदी में बहकर आई बुजुर्ग महिला को सुरक्षित बाहर निकाला गया । परासिया अस्पताल में प्राथमिक स्वास्थ्य परिक्षण के बाद परिजनों के साथ घर भेजा गया । न्यूटन पुलिस ने जानकारी में बताया , कि शनिवार 02 अगस्त को सुबह करीब 11.45 बजे चौकी न्यूटन में स्थानीय नागरिक धर्मेन्द्र पाल के द्वारा सउनि रजनीश सोनी को सूचना दी गई , कि एक महिला पेंच डेम फिल्टर प्लांट तरफ नदी में बहकर आयी है एवं बेहोश है , लेकिन उसकी सांसे चल रही है , जो जीवित है । महिला को अगर तत्काल मदद मिल जाये तो उसकी जान बचायी जा सकती है । जिसके बाद चौकी प्रभारी न्यूटन उप निरी. दिनेश बघेल के निर्देशन में तुरंत पुलिस चौकी न्यूटन से सउनि रजनीश सोनी , प्र. आर. 408 योगेन्द्र एवं प्रायवेट चालक सचिन यदुवंशी द्वारा मौके पर पहुंचकर राहत कार्य किया गया । पेंच नदी में पानी का बहाव तेज था एवं गहराई अधिक थी । बचाव सामाग्रियाँ संसाधन एकत्रित करने में अधिक समय लग सकता था , जिससे महिला की जान को खतरा हो सकता था , पुलिस बल द्वारा मौके पर स्वविवेक से निर्णय लेते हुए नदी में कुछ दूरी पर बने स्टाप डेम का बंधा पार करते हुए नदी के गहरे पानी में उतर कर प्र.आर.408 योगेन्द्र बेलवंशी एवं प्रायवेट चालक सचिन यदुवंशी के द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए महिला के पास तक पहुंचा गया एवं महिला को नदी के गहरे पानी से उठाते हुए पार कराते दूसरे छोर पर लाया गया । प्राथमिक उपचार के उपरांत महिला को सकुशल उसके घर ग्राम भमोड़ी पहुंचाया गया । उल्लेखनीय है , कि जो बुजुर्ग महिला पेंच नदी के तेज बहाव में भमोड़ी जाटाछापर से बहकर न्यूटन तक आयी थी , उसका नाम रामदुलारी पाल उम्र 70 वर्ष निवासी ग्राम भमोड़ी की है । महिला के परिजनों ने न्यूटन पुलिस बल की प्रशंसा की है ।

### दुकान तोड़कर प्रशासन ने कब्जे में लिया सामान

**छिन्दवाड़ा।** स्थानीय गोलगंज में शुक्रवार को तथाकथित सफेदपोश नेता व कुछ लोगों ने दबंगता से दुकान में कब्जा करवाने का प्रयास किया जिसमें कोठारी परिवार के पुरुष व महिला व गोद के बच्चों सहित पूरे परिवार को पहले ही सांठ गांठ करके जिला कोतवाली बिठलवा दिया गया ताकि जिससे वे लोग बिना विधिक अधिकार के व बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना दुकान बनवाने की कार्यवाही में परिवार के लोग व्यवधान उत्पन्न नहीं कर सकें। इस परिप्रेक्ष्य में मामला प्रकाश में आया कि कोठारी परिवार एवं गणेश इलेक्ट्रिकल्स के बीच पिछले कई वर्षों से दुकान को लेकर कानूनी विवाद चल रहा है। विगत कुछ दिनों पूर्व गणेश इलेक्ट्रिकल्स की दुकान को नगर पालिका निगम प्रशासन द्वारा जर्जर भवन को तोड़ने के बाद दुकान मालिक गुप्ता परिवार द्वारा बाहरी लोग एवं दबंगों को एकत्र करके अनुचित दबाव बनाया गया। गुप्ता परिवार के पक्ष में गोलगंज में दबंगता बताते हुये अनेक बाहरी लोगों ने आकर भय का माहौल बना दिया जिससे गोलगंज वासियों में इस घटना के बाद भय का माहौल व्याप्त है। कानूनी प्रक्रिया के लंबित चलते पुनः प्रशासन ने गणेश इलेक्ट्रिकल्स के द्वारा बनायी जा रही दुकान के शटर सहित सामान को तोड़कर जप्त कर लिया है।

## श्री पातालेश्वर धाम में नकुलनाथ ने किया अभिषेक

**पेयजल को लेकर नकुलनाथ ने भाजपा सरकार को जमकर घेरा**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

भगवान शिव की आराधना के पवित्र माह श्रावण में बम भोले के जयकारों से श्री पातालेश्वर धाम गूंज उठा। जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने भी श्री पातालेश्वर धाम पहुंचकर बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। विधि विधान पूर्वक पूजन, अर्चन व अभिषेक कर भगवान शिव से सभी की मनोकामनाओं की पूर्ति करने व जिले, प्रदेश व देशवासियों के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की।

नकुलनाथ ने कहा कि शिव स्वयंभू है, शाश्वत है, सर्वोच्च सत्ता है। विश्व चेतना है। सम्पूर्ण दृष्टि के आधार है। सभी पुराणों में शिव पुराण को सर्वाधिक महत्वपूर्ण होने का दर्जा प्राप्त है। मंदिर प्रांगण में उपस्थित मीडिया के साथियों ने तामिया के पातालकोट में दूषित जल के सेवन से दो बच्चों की मौत का प्रश्न किया जिसके प्रत्युत्तर में नकुलनाथ ने कहा कि यह केवल पातालकोट नहीं बल्कि समूचे प्रदेश की समस्या है। भाजपा सरकार जल जीवन मिशन के नाम पर करोड़ों अरबों रुपये पानी की तरह बहा रही] फिर भी आमजन को शुद्ध पीने का पानी नहीं मिल रहा। जमीनी हकीकत तो यह है कि “नल है तो जल नहीं और जल है तो नल नहीं” अनेकों गांव में केवल पाइप लाइन डालकर छोड़ दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि कमलनाथ जब पहली दफा छिन्दवाड़ा आए थे, तब 90 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे थे, पेयजल के कोई इंतजाम नहीं थे। मप्र में श्री दिग्विजय सिंह सीएम थे, तब माचागोरा जलाशय निर्माण की प्रारंभिक शुरुआत हुई। जिले में सर्वाधिक हैंडपम्प लगाए गए और पानी की टंकियों का निर्माण हुआ। आज भी निगम क्षेत्र को पानी की आपूर्ति उसी माचागोरा जलाशय से हो रही है। श्री नाथ ने आगे कहा कि मप्र की गुंगी व बहरी सरकार को किसानों की समस्याएं दिखाई व सुनाई नहीं दे रही। मप्र और दिल्ली की सरकार तक किसानों की आवाज पहुंचाने के लिए 20 अगस्त को उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## जिला शिक्षा अधिकारी खजरी स्कूल में विद्यार्थियों से हुए रूबरू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले में शैक्षिक गुणवत्ता हेतु किए जा रहे प्रयास के अंतर्गत आज जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल ने शासकीय एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खजरी का निरीक्षण किया तथा कक्षा 9वीं, 10वीं एवं 12वीं तथा प्राइमरी के विद्यार्थियों से चर्चा की और उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच की एवं उन्हे प्रतिदिन स्कूल आने के लिये प्रेरित किया। विद्यालय में 311 विद्यार्थी दर्ज है जिसमें से आज 208 विद्यार्थी उपस्थित पाये गये। उन्होंने प्राचार्य एवं शिक्षकों को उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हे जेईई, नीट की क्लास के बारे में जानकारी दी और प्रतिदिन स्कूल आने हेतु प्रेरित किया। उन्हे ध्येय वाक्य, मैं स्कूल क्यों आ रही हूं या आ रहा हु का महत्व समझाया। इसके बाद श्री बघेल ने स्टाफ की बैठक ली जिसमें विगत सत्र में कक्षा 12वीं के कम परीक्षा परिणाम पर नाराजगी व्यक्त की ओर आने वाले सत्र में 100 प्रतिशत रिजल्ट लाने हेतु सख्त निर्देश दिए। विद्यालय में आईसीटी लैब का निरक्षण कर उसे समुचित रूप से संचालित रखे जाने के लिये भी निर्देश दिये।

## पुलिस ने लौटाए 251 गुम मोबाइल

**सायबर सेल की त्वरित कार्रवाई से मुस्कराए नागरिक, SP ने टीम को किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा

रक्षाबंधन पर्व से पहले छिंदवाड़ा पुलिस ने नागरिकों को बड़ी सौगात दी है। जिले की सायबर सेल टीम ने 251 गुमशुदा मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके असली मालिकों को लौटाए, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत 44.75 लाख आंकी गई है।यह उल्लेखनीय सफलता पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी डी.एस. शेन्डे और जिला सायबर सेल टीम द्वारा हासिल की गई।

### मोबाइल गुमशुदगी पर गंभीरता से हुई कार्रवाई

पिछले कुछ महीनों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से मोबाइल गुम होने की कई शिकायतें दर्ज की गई थीं। सभी शिकायतों पर सायबर सेल ने तकनीकी विश्लेषण और लोकेशन ट्रेसिंग की मदद से कार्रवाई की और विभिन्न स्थानों से 251 मोबाइल फोन रिकवर किए।इन मोबाइल फोनों को आज पुलिस कंट्रोल रूम छिंदवाड़ा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया।



### रक्षाबंधन से पहले मुस्कराए चेहरे

गुम मोबाइल पाकर नागरिकों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। मोबाइल वापस पाने वालों में शासकीय सेवक, शिक्षक, अधिवक्ता, निजी कर्मचारी, आर्मी जवान, व्यापारी, दुकानदार, छात्र, ऑटो चालक, श्रमिक, गृहिणियाँ और किसान शामिल हैं।

### सायबर सेल की टीम को मिला सम्मान

इस अभियान में आर. आदित्य रघुवंशी, नितिन सिंह, अभिषेक ठाकुर, राहुल डडोरे, अंकित शर्मा और मोहित चन्द्रवंशी ने अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय ने टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है। छिंदवाड़ा पुलिस की नागरिकों से अपील छिंदवाड़ा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी का मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाता है, तो वे तुरंत संबंधित थाना या सायबर सेल कार्यालय में शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय पर तकनीकी कार्रवाई कर मोबाइल को ट्रेस किया जा सके।

### कमलनाथ व नकुलनाथ ने जिले के युवाओं को दिया बड़ा तोहफा

**छिन्दवाड़ा।** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ जी एवं जिले के पूर्व सांसद माननीय नकुलनाथ जी ने जिले के युवाओं को बड़ा तोहफा दिया। नेताद्वय के अथक व सतत प्रयासों के साथ ही व्यक्तिगत व्यय पर युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ रहे। आइटी कम्पनी के लिए चयनित, स्टॉर टेक कॉल सेन्टर के लिए 35 युवाओं को ऑफर लेटर एवं अशोक लीलैंड ड्राइविंग ट्रेनिंग सेन्टर से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 45 युवाओं को प्रमाण पत्र के साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस शिकारपुर कमलकुंज से माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के हस्ते प्रदान किए गए। माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी के प्रयत्नों से जिले के युवा तकनीकि प्रशिक्षण प्राप्त कर निरंतर रोजगार से जुड़ रहे। जहां एक ओर देश व प्रदेश में सरकारें शिक्षित व योग्य युवाओं को रोजगार दिलाने में विफल साबित हो रही।दद

**मेडिकल कॉलेज के डीन ने हरी झंडी दिखाकर किया रैली को रवाना**

## विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत निकाली गई जन-जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिन्दवाडा



जिला चिकित्सालय छिंदवाड़ा में विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त के अवसर पर आज 02 अगस्त को स्तनपान विषयक जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सिविल सर्जन डॉ.नरेश गोन्नाडे एवं मेडिकल कालेज के डीन डॉ.अभय सिंहा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली जिला अस्पताल गेट से शहर के प्रमुख मार्गों (फव्वारा चौक) से होती हुई जिला अस्पताल गेट पर संपन्न हुई। इस रैली में अस्पताल के समस्त वरिष्ठ डॉक्टर, मेट्रन, नर्सिंग स्टाफ, इंटर्न मेडिसिन स्टूडेंट्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को स्तनपान के महत्व एवं इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य जन्म के पहले घंटे में शिशु को माँ का पहला दूध (कोलोस्ट्रम) देने के लाभ, 6 माह तक केवल स्तनपान की आवश्यकता और 2 वर्षों तक सतत स्तनपान के महत्त्व को जनसामान्य तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम का संचालन डीएचओ डॉ.धीरज दावंडे, मेडिकल कॉलेज सुप्रिटेंडेंट डॉ.विपीन जैन, अस्पताल प्रबंधक डॉ.उदय पराड़कर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री शैलेन्द्र सोमकुवर, योसेड फाउंडेशन से डॉ.देवेश शर्मा, स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ.माणिक सिरपुरकर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.श्वेता पाठक, डॉ.दीपी महाजन, डॉ.शीतल गढ़पाले, जिला मीडिया प्रभारी डॉ. प्रमोद वासनिक आदि मौजूद रहे।

### सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से हो सकेगा 3 मरीजों का ईलाज

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मदद दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद श्री साहू से संपर्क कर आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से स्वेच्छानुदान मद से सहायता भी उपलब्ध करा रहे है। इसी सिलसिले में विगत दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। उक्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित किया।

### 60 लीटर अवैध कच्ची महुआ की शराब एवं घटना में प्रयुक्त कार जप्त

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डे व अति. पुलिस अधीक्षक आयुष गुम्रा (**IPS**) के द्वारा अवैध शरान मादक पदार्थ की तस्करी, विक्रय व अवैध शराब का भंडारण करने वाले एवं अवैध गतिविधियों में लिए व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के आवेश निर्देश के पालन में प्रभावी कार्यवाही करने का जिले में विशेष अभिधान निरन्तर जारी है, जिसके अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाडा श्रीमति कल्याणी वरकड़े के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरवाड़ा राजेन्द्र धुर्वे एवं पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर दिनांक 01-02/08/25 की मध्य रात्री को मुखबिरों से सूचना प्राप्त हुई की एक सफेद रंग की इंडीको कार जिसका न **MP**-14-**CB**2883 से अत्याधिक मात्रा में कच्ची महुआ की शराब गाड़ी में रखकर वरधिया तरफ से अमरवाड़ा की ओर जा रहा है। वो मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र धुर्वे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शराब रेड कार्यवाही की गई मुखबिर के बताये स्थान पहुंच सूचना की तस्दीक की गई मुखबिर के बताये अनुसार ग्राम बरधिया हनुमान मंदिर के सामने से आ रही संदेही इंडीको कार क्र.**MP**-14-**CB**-2883 को रोककर ड्रायवर का नाम पता पूछा गया जिसने अपना नाम हिमालय डेहरिया पिता यशवंत डेहरिया निवासी अमरवाडा का होना बताया जो



सदेही की इंडीको कार क्र.**MP**-14-**CB**-2883 में रखे 04 प्लास्टिक की जरीकेन को चैक करने पर उनमे हाथ भट्टी कच्ची महुआ की शराब भरी होना पात्री गयी संदेही हिमालय डेहरिया से अत्याधिक मात्रा में हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराच रखने के संबंध में वैध वस्तावेज लाईसेंस के संबंध में पूछताछ की गई जिसने कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया आरोपी से 04 प्लास्टिक की जरीकेन में हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ की शरान प्रत्येक जरीकेन में 15-15 लीटर कुल शराब 60 लीटर कीमती करीच 6,000/- रूपये की होना पायी गयी, घटना में प्रयुक्त इंडीको कार क्र.**MP**-14-**CB**-2883 एवं कच्ची महुआ शरान को पुलिस द्वारा समक्ष गवाहों के बात कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी हिमालय पिता स्व. यशवंत डेहरिया का कृत्य धारा 34(2) आबकारी अधिनियम सन 1915 का घटित करना पाये जाने से आरोपी के विरुद्ध थाना अमरवाड़ा में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### किसानों के हित में अनेक योजनाओं का सीधा प्रसारण

**दमुआ।** देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा किसानो के हित में चलाई जा रही अनेको योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए उन्होने सीधा प्रसारण करते हुए जन मानस को संबोधित करते हुए जानकारी प्रदान की गई कि जहां राज्य सरकार हो या केन्द्र सरकार के द्वारा किसान भाईयों के हित में सरकार बढिया कार्य कर रही है कृषि के क्षेत्र में किसान भाईयो की सुविधा के लिए खाद् बीज यूरिया कीटनशाक दवा सहित बैको से ऋण की सुविधा मोटर पंप के लिए विद्युत की सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की पहली प्राथमिकता रही है ऐसे किसान भाईयो के लिए सरकार किसान सम्मान निधि किसान भाईयो के बैक खाते में प्रदान की जा रही है।

**पुलिस ने किया कंपनी शिफ्ट इंचार्ज मैनेजर पर मामला पंजीबद्ध, केमिकलयुक्त पानी गंदी बदबू वाली कंपनियों पर हो कार्यवाही**

## एवीजी मालिक पर कार्यवाही के लिए भाजपा ने घेरी पुलिस चौकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र में संचालित एवीजी कंपनी मैं कामगारों के साथ किया जा रहे शोषण और हाल ही में हुई घटना में कंपनी मालिकों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता राहुल मोहोड़ के नेतृत्व में सड़क पर उतरकर शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया,इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कामगारों के समर्थन में रेमंड पुलिस चौकी का घेराव करते हुए 1 घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञात हो कि बुधवार को एवीजे कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के कारण बॉयलर के पास में काम करने वाले 6 कामगार झुलस गए थे,जिनका वर्तमान में नागपुर में इलाज चल रहा है इसके पूर्व भी 1 साल पहले भी कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के चलते टंकी गिरने से एक कामगार की मौत हो चुकी है,बावजूद इसके कंपनी प्रबंधन के द्वारा सुरक्षा की व्यवस्था नहीं बनाई जा रही है थी।मामले को लेकर कंपनी शिफ्ट इंचार्ज,मैनेजर पर मामला दर्ज किया गया है।



### पुलिस चौकी के सामने बैठकर भाजपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

एवीजे कंपनी के मालिक को पर एफआईआर दर्ज करने की मांग विभिन्न संगठनों के द्वारा लगातार की जा रही है बावजूद प्रशासन के द्वारा इस मामले को हल्के में लिया जा रहा था, कार्रवाई न होती देख भाजपा कार्यकर्ताओं ने धरना देकर अपनी ताकत दिखाई है,धरना आंदोलन के दौरान भाजपा नेताओं के द्वारा पुलिस प्रशासन के साथ ही कंपनी प्रबंधन एवं मालिकों को जमकर आड़े हाथ तो लिया है। भाजपा नेता लगातार प्रबंधन मालिक एवं दोषियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे,ए वी जे कंपनी में मजदूरों के साथ हुई गंभीर दुर्घटना के संबंध में भारतीय जनता पार्टी मंडल लोधीखेड़ा,के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोधीखेड़ा पुलिस थाना प्रभारी को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौपा गया।कंपनी मालिक पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर भाजपा नेता अड़े रहे।

### मांगे पूरी नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलनः राहुल मोहोड़

थाना प्रभारी ए बी मर्सकोले को सौपे ज्ञापन में घटना की उच्च स्तरीय जांच करने, हादसे के जिम्मेदारों पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने, घायलों को समुचित उपचार की व्यवस्था, स्वास्थ्य सुधार तक पूरा वेतन तथा परिवार को उचित मुआवजा, औद्योगिक क्षेत्र की सभी इकाईयों का सुरक्षा ऑडिट तत्काल कराये जाने की मांग की गई। अवसर पर बोलते हुये भाजपा नेता राहुल मोहोड ने कहा कि, कंपनी प्रबंधन की लापरवाही के चलते यह दुसरी बडी घटना है। एवीजें कंपनी पूर्व में भी कई बार विवादों में रही है। हमारी मांग पूरी नही होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा,अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे, पूर्व नगराध्यक्ष लिलाधर बांगडे, प्रितम राऊत, रमेष कडक, हरीष धुर्वे, होमदेव वंजारकर, लक्ष्मीदास बोरकर, सौरभ अढाऊ, दिगम्बर वरूडकर, देवीदास बोबडे, खेमराज सोनेकर, दिनेष रायकवार, रूपेष बागडे, अनिरूद्ध षिंदे, दिनेष भलावी, नामदेव काका भूजबल, भोजराज धोतके, धीरेन्द्र करडमारे आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया एवीजे शिफ्ट इंचार्ज मैनेजर पर मामला पंजीबद्ध

कंपनी मालिक पर हो एफआईआर धरना आंदोलन के दौरान आंदोलनकारियों द्वारा इस घटना के लिये कंपनी प्रबंधन एवं मालिक को दोषी ठहराते हुये एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई। जिस पर टीआई ए बी मर्सकाले ने आंदोलनकारियों को बताया कि, इस घटना की जांच की जा रही है, फिलहाल प्राथमिकी तौर पर कंपनी के शिफ्ट इंचार्ज ओर मैनेजर के उपर मामला पंजीबद्ध करते हुये वीएनएस की धारा 289 की कार्यवाही की गई है। आंदोलनकारियों का कहना था कि, मामले को रफातफा करने के लिये पुलिस प्रषासन द्वारा औपचारिकतावष अपराध पंजीबद्ध किया हैं। हमारी मांग है कि, कंपनी मालिक पर एफआईआर दर्ज कराया जाये। ताकि, बेकसूर श्रमिकों के जान के साथ खिलवाड बंद हो सके।

### स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकासखंड दिव्यांगजन शिविर का हुआ आयोजन

# दिव्यांग शिविर में 41 बच्चों ने कराया पंजीयन, 30 की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई




चौरई नगर के सी एम राइज स्कूल मे स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकास खंड दिव्यांग जनो के लिए चैकप शिविर का आयोजित किया गया इस शिविर मे जिला चिकित्सालय से आए डा अभय सोनी अस्थि रोग विशेषज्ञ, पंकज कुशवाहा नेत्र रोग विशेषज्ञ, पूनम जैन शिशु रोग विशेषज्ञ,तुसार तलहन मानसिक रोग विशेषज्ञ,ज्योति नागवंशी एमडी मेडिसिन, कृति शर्मा नाक कान गला विशेषज्ञ, भूपेश कुशराम सर्जरी विशेषज्ञ इस सभी डाक्टरो कि टीम के द्वारा कक्षा 9 वी से 12 वी तक के बालक बालिकाओ जो सरकारी और प्राइवेट स्कूल से भी आए हुए है जिसमे 41 बच्चों का पंजीयन हुआ और 30 बच्चों कि जाँच कि गई इन सभी का डाक्टरो द्वारा परीक्षण होने के बाद दिव्यागता 40% से ऊपर आने पर जिला चिकित्सालय से सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा और जिन्हे सर्जिरी कि आवश्यकता है उन्हें सर्जरी के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जाएगा पूर्व मे जांच के दौरान दिव्यंका 40% से ऊपर होने पर एक बच्चे को अतिथियो द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गयाआज यहां उपस्थित इस शिविर मेमुख्य अतिथि के रूप मे विधानसभा प्रभारी लखन वर्मा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मदन राय, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर कुंडा मंडल अध्यक्ष धरम वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा जैन जिला पंचायत सदस्य कुसुम वर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष सिरपत नायक वरिष्ठ भाजपा नेता संजय ठाकुर नगर उपाध्यक्ष चंद्रभान सोनी, नगर उपाध्यक्ष आनंद चौरसिया राजवंश ठाकुर गोविंद दंताले डा हरि राय, जीत रघुवंशी विनोद पाल उपस्थित रहे और स्कूल विभाग से प्राचार्य रामजी वर्मा प्राचार्य नर सोनी संजय शर्मा नवीन शर्मा रंजीत देहरवाल अरुण वर्मा सीमा पंचेश्वर ऐन के जैन उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ

**सौंसर।** नगर के मोहगाव मार्ग के मंगल भवन में राधे-राधे ग्रुप की ओर से दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ शनिवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा कि हस्ते किया गया, शुभारंभ अवसर पर राधे-राधे ग्रुप की श्वेता बागानी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया, दो दिवसीय चलने वाली प्रदर्शनी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड ने राधे-राधे ग्रुप के सभी पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा विगत कई वर्षों से ग्रुप की महिलाओं के द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन करते हुए क्षेत्र में एक नई परंपरा शुरू की है जिसके लिए सभी राधे-राधे ग्रुप की महिलाएं बधाई की पात्र है,प्रदर्शनी के माध्यम से एक और जहां नए लोगों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है, वहीं दूसरी और एक ही स्थान पर एक से बढ़कर एक अनेक घरेलू आवश्यक सामग्री मिलती है, आयोजन कमेटी के पदाधिकारी ने बताया की प्रदर्शनी के साथ-साथ यहां पर कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं के लिए कविता प्रतियोगिता ड्राइंग प्रतियोगिता तमबोला का प्रथम दिवस आयोजन किया गया, 3 अगस्त फ्रेंडशिप डे स्पेशल,बेस्ट फ्रेंड जोड़ी प्रतियोगिता ओर ड्राइंग प्रतियोगिता का परिणाम की घोषणा की जाएगी।



## महिलाओं ने निकाली विशाल कांवड यात्रा



**दमुआ।** श्रवण मास के पावन महिने में देवादिदेव महादेव भगवान भोले शंकर जी की विशेष पूजन अराधना की जाती है श्रवण मास के पावन महिने में भगवान शिवशंकर जी की पूजन अराधना उपासना का महत्व ही कुछ ओर है। इसलिए शिवशंकर शिवजी शिवलिंग महाकोलश्वरधाम शिवालय मंदिर में श्रवण मास के महिने भर पूजन पाठ अनुष्ठान आराधना उपासना का क्रम चलता है। और मंदिरो में खास कार्यक्रम आयोजन जैसे अभिषेक पूजन पाठ अराधना उपासना आराधना के विधिवत कार्यक्रम होते है। 01 अगस्त दिन शुक्रवार को श्री दुर्गा मंदिर गुजरी बजार दमुआ से महिलाओं ने एक विशाल कावंड यात्रा निकाली जो दमुआ शहर के धार्मिक स्थल भोले की मढिया मंदिर पहुंची फिर महाकालेश्वर धाम मंदिर थाना परिसर दमुआ उसके बाद महाकालेश्वर धाम मदिर मोक्षधाम दमुआ होते हुए श्री खेडापति माता मंदिर शक्ति पीठ दमुआ भी कावड यात्रा पहुचने के पश्चात दुर्गा मंदिर वापस आई पूजन अनुष्ठान एवं प्रसादी वितरण कर कावंड यात्रा का समापन हुआ।

## सप्त दिवसीय महाशिवपुराण कथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

श्री साई ब्रह्म आश्रम में चल रही सप्त दिवसीय श्री महा शिव पुराण कथा का समापन हुआ । पण्डित नरेश शर्मा शास्त्री के मुखार बिन्द से कथा की शुरुआत की गई । प्रति दिन अथितियों के द्वारा व्यास गादी की पूजा एवं कथा वाचक शास्त्री जी का शाल श्रीफल एवं पुष्पहार से स्वागत किया गया । प्रतिदिन झाँकी का प्रदर्शन किया गया । जिसमें श्री गणेश जी , कार्तिक जी , हनुमान जी , काली जी , श्री शंकर - पार्वती जी का विवाह , श्री राम जानकी भरत जी के द्वारा श्री रामेश्वरम भगवान का अभिषेक एवं अन्य झांकियों ने सबका मन मोह लिया । संगीतमय आनन्द के लिए लोकेश डेहरिया , अतीस उईके , रजत राय , एडम डेहरिया , विशाल राय , रम्मू बाबा , वैष्णवी डेहरिया ने समा बांधा । महिलाओं ने भक्ति गीत पर नृत्य किया । प्रतिदिन सुबह भोले बाबा का अभिषेक होने के बाद पूजा अर्चना होती थी । इसके पश्चात 3 बजे से 6 बजे तक आरती होती थी । आरती के बाद प्रसाद वितरण होता था । लक्ष्मी दीपक सेठिया , श्यामा दिलीप मालवी , प्रतिभा स्वर्गीय अमूल जायसवाल ने यजमान की जिम्मेदारी निभाई । अन्तिम दिन प्रीतम दुबे जी के परिवार के द्वारा पीपल के वृक्ष के नीचे शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई । हवन पूजन आरती के साथ विशाल भण्डारा किया गया । शास्त्री जी के द्वारा व्यास गादी से रुद्राक्ष का वितरण किया गया । प्रतिदिन मंच का संचालन बसन्त मालवी ने किया । सफल कार्यक्रम सम्पन्न होने के लिए श्री साई ब्रह्म आश्रम दर्शन अरोरा ने धन्यवाद देकर सभी का आभार व्यक्त किया ।

## मार्ग से अतिक्रमण हटाएं नपा जिससे लोगों को मिल सके सुविधा

**दमुआ।** न.पा.प. दमुआ के तहत 18 वार्ड आते है और अधिकांश वार्डो में ये स्थिति है कि बसाहट घनी आबादी क्षेत्र मे लोगो ने घर मकान तो जरूर बना लिया है और लोग रह रहे है और न.पा.प. दमुआ द्वारा आमजन मानस नागरिको से टेक्स की वसूली समय समय की जा रही है दमुआ शहर सहित आस पास में रहने वाले रहवासी नागरिको जनमानस से हर प्रकार का टेक्स न.पा.प. दमुआ लिया जा रहा है जैसे राजस्व की वसूली, मकान का टेक्स दुकान का टेक्स जल कर वसूली साफ सफाई का टेक्स स्टेट लाईट का टेक्स सहित अन्य प्रकार से टेक्स तो वसूला जा रहा है परन्तु आमजन मानस को बदले मे सुविधाओं का पूर्ण लाभ नही मिल पा रहा है जबकि खास बात तो यह है कि निकाय क्षेत्र वार्ड एरिया बसाहट क्षेत्र लोगो घर मकान बना लिया और कम्पाउन्ड आंगन भी बनाकर लम्बा चैडा एरिया जगह भूमि मे अपना कब्जा कर लिया है इस तरह सराकरी भूमि जगह में लोगो ने अतिक्रमण कर लिया है यदि कभी कोई बिमार पड जाये तो ऐसी परिस्थिति में एम्बुलेंस तक कालोनी में प्रवेश नही कर सकती इसी तरह कभी आगजनी की घटना घट जाये तो समय पर अग्निशमन वाहन भी घरो तक नही पहुंचता सकता है। कोई अपराधिक घटना घट जाये मौके पर पुलिस मोबाईल वाहन भी नही प्रवेश कर सकता है। यदि कभी कभी किसी को सेफ्टी टेंक खाली कराना हो तो सेफ्टी टेकर वाहन गाडी बसाहट घरो तक नही पहुंच सकती है ऐसी आपातकालीन स्थिति को देखते हुए नगर पालिका के संबंधित विभाग के अधिकारी राजस्व अमला आदि को शहर में हुए अतिक्रमण को शीघ्र हटाना चाहिए। ताकि समय पर लोगो को सुविधा का लाभ मिल सके।

## महिलाओं ने मनाई हरियाली तीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



हरियाली तीज मे वरिष्ठ भाजपा महिला मोर्चा पूर्व अध्यक्ष श्रीमती रीता सेन जी ने बताया के पूर्व समय की अपेक्षा इस वर्ष महिलाओ को 33% आरक्षण दिया गया है। इससे महिलाओ को सम्मान दिया गया महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती भुवनेश्वरी भन्नारे जो 10 वर्षो से अध्यक्ष के पद पर रहते हुए अपने इतने वर्षो का कार्य के विषय मे बाते कही अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अधिवक्ता श्रीमती रंजीता प्रसन्न बछलिया/ डेहरिया द्वारा सभी महिलाओ का उत्सव बढ़ाने के लिए मनोरंजन हेतु कार्यक्रम का आयोजन करते हुए उत्साह बर्धन करते हुए सभी को एक रुपता से जोड़ने का प्रयास किया, श्रीमती लीना चौरसिया जी ने महिलाओ को बिंदी, चूड़ियाँ भेट करते हुए सोहाग की वस्तु भेट की गई, अधिवक्ता सीमा भोंडेकर जी ने सभी की फोटो, वीडियो खींच शोसल मिडिया की जानकारी दी,आयोजन कर्ता श्रीमती दीप्ती साहू जी ने अच्छी व्यवस्था बनाई।

### एटक छोड़ एच एम एस में शामिल हुए रामनारायण सिंह और पन्ना साहनी

**परासिया :-** श्रमिक संगठन एटक के पूर्व कल्याण समिति सदस्य रामनारायण सिंह और उपाध्यक्ष पन्ना साहनी ने 31 जुलाई 2025 को अपने समर्थकों के साथ कोयला श्रमिक सभा (**HMS**) के केंद्रीय अध्यक्ष - सह - जेबीसीसीआई सदस्य शिवकुमार यादव की रीति नीति से प्रभावित होकर एच.एम.एस. यूनियन में प्रवेश किया । उल्लेखनीय है कि श्री सिंह एवं श्री साहनी कई दिनों से **AITUC** की कार्यप्रणाली से नाराज़ थे । जिसके चलते उन्होंने कोयला श्रमिक सभा (**HMS**) के केंद्रीय अध्यक्ष शिवकुमार यादव की कार्यप्रणाली एवं मजदूरों के प्रति उनके समर्पण भाव को देखते हुए अपने समर्थकों संग एच.एम.एस. यूनियन में प्रवेश किया । श्री रामनारायण सिंह एवं पन्ना साहनी जैसे अनुभवी व्यक्ति के कोयला श्रमिक सभा (**HMS**) में प्रवेश करने से निश्चित ही एच.एम.एस. संगठन को और भी बल मिलेगा एवं मज़दूर हित में किये जा रहे कार्यों में गति मिलेगी।माननीय शिवकुमार जी ने कहा कि एच.एम.एस. संगठन एक पूर्णतः गैर राजनीतिक श्रम संगठन है और हर वह व्यक्ति जो निःस्वार्थ रूप से मज़दूर हित में कार्य करना चाहता है उसका कोयला श्रमिक सभा (**HMS**) में कार्य करने हेतु हार्दिक स्वागत है।

### एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में बाल सभा के साथ मनाया गया हरियाली उत्सव



**हरिभूमि न्यूज लॉंजी।** लॉजी विकासखण्ड के ग्रामिण क्षेत्र में संचालित एडवेंचर इंग्लिश पब्लिक स्कूल भानेगॉव में आज दिनॉंक 02 अगस्त 2025 दिन शनिवार को बाल सभा के अर्न्तगत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गीत, भाषण, नृत्य, कुर्सी दौड़ शामिल थी साथ ही हरित दिवस के रूप में पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए बच्चों ने हरे रंग क कपड़े पहन, हरे रंग की कलाकृतियाँ बनाई गई और हरे रंग के नाश्ते का आनंद लिया गया। संस्था के संचालक ए.आर. कुशले ने बच्चों को बताया की पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमे पेड़-पौधे लगाने चाहिए जिससे हमारे आसपास के वातावरण हरा-भरा रहेगा और हमेशा हमे शुद्ध हवा प्राप्त होगी जिसमें हमारा शरीर हमेशा स्वस्थ रहेगा की थीम को लेकर वृक्षारोपण भी किया गया। इस कार्यकम को सफल बनाने में संस्था की प्रधानपाठिका श्रीमती ममता कुशले कार्यकम प्रभारी कमलेश ठाकरे, कु. सुनिता नखाते, श्रीमती सीमा येरपुड़े, रानू दखने, भागरता ठाकरे, हेमलता बिसेन, सुभम मेश्राम, रोहित चंदेल, सुरेन्द्र देवाहे एंव कक्षा नर्सरी से आठवी तक के कक्षा शिक्षक शिक्षिकाओं व सहायक शिक्षको का सराहनीय योगदान रहा ।

### सेवा निवृत्ति पर होमगार्ड जवान नागपुरे को दी गई विदाई, थाना प्रभारी ने की प्रशंसा



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** पुलिस थाना हट्टा में पदस्थ सैनिक 164 सुखलाल नगपुरे की सेवा निवृत्ति पर पुलिस विभाग हट्टा के थाना प्रभारी अविनाश सिंह राठौड़ व स्टाफ सहित शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया । इस मौके पर थानाप्रभारी श्री राठौड़ ने कहा कि इनके साथ कार्य करने के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। हर सरकारी कर्मी के जीवन में यह क्षण आता है। सभी सरकारी कर्मी को कभी न कभी सेवानिवृत होना है। वहीं सेवानिवृत्त होमगार्ड सुखलाल नगपुरे ने कहा कि अपने कार्य काल के दौरान हमें भी काफी कुछ सीखने को मिला। यह तो परंपरा है कि 60 साल के बाद हर किसी को सेवानिवृत्त होना है। इस दौरान सेवा निवृत सुखलाल नगपुरे को पाग, फूल माला, बुके, शॉल, अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। स उनि नंदकिशोर दोनोड़े,विजय कुमार पटले, प्रधान आरक्षक निलेश अग्निहोत्री, राजेश पटले, द्वारिका नारायण दुबे ,सतीश पारधी, कमलेश भौतेकर, नंदकिशोर ठाकुर ,आरक्षक गोविंद, मोहन ,अतुल, शिवनारायण ,अंकुश ,बलवंत, श्याम, बजरंग, अविनाश और भी अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी किरनापुर में अंधश्रद्धा निर्मूलन शिविर संपन्न



### माता-पिता पर विश्वास यह श्रद्धा हैः वानखेडे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला किरनापुर तहसील शाखा द्वारा मुख्यालय के शाक्यमुनी बुद्धविहार में शनिवार बारा से पाच बजे तक अंधश्रद्धा निर्मूलन शिबिर संपन्न हुवा.प्रमुख मार्गदर्शक आद बी एच गायकवाड राष्ट्रीय सचिव मप्र राज्य के पालक मंत्री डॉ.एड.एस एस वानखेडे सर केंद्रीय प्रशिक्षण प्रभाग के प्रमुख.प्रमुख उपस्थिती और अतिथि आद. गौतम पाटील.राष्ट्रीय संघटकडॉ.चरनदासजी ढेगंरे अध्यक्ष मप्र राज्य शाखा द.आद. मनोज निकोसेसचिव मप्र कार्यक्रम के अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर अध्यक्ष किरनापुर थे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में जिला शाखा से खुशियाल मेश्राम, सचिव अशोक कुमार मेश्राम-आर डी देशभरतार, संगठक बी एल घल्लेकर, तह महासचिव विनय चौरे, कोषाध्यक्ष गौतम भीमटे , उपाध्यक्ष हरिचंद्र गौरकर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे शिविर में श्रद्धा अंधश्रद्धा एक सामाजिक समस्या.राशि भविष्य यह शास्त्र है क्या बाबा बुवा के प्रकार आदि विषयो पर बी एच गायकवाड.एस एस वानखेडेजी ने मार्गदर्शन किया। डॉ वानखेडेजी ने बताया कि माता पिता पर विश्वास यह श्रद्धा है।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 11 वीं वाणिज्य संकायमें प्रवेश के लिए ऑनलाईन एवं ऑफ लाइन आवेदन आमंत्रित

**वारासिवनी।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में कक्षा 11 वीं वाणिज्य संकाय में रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रणबीर सिंह ने बताया कि कक्षा 11 वीं वाणिज्य संकाय में वर्तमान सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाईन एवं ऑफलाईन फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 है। इच्छुक आवेदक नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर आवेदन फॉर्म डाउनलोड कर एवं उसे पूर्ण रूप से भरकर विद्यालय की ईमेल आईडी पर प्रेषित कर सकते हैं या फिर पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी आकर ऑफलाईन भी आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कक्षा 11 वी में प्रवेश हेतु आवेदक की जन्मतिथि 01 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 दोनों तिथियाँ सम्मिलित के बीच होनी चाहिए तथा बालाघाट जिले के किसी भी मान्यता प्राप्त विद्यालय से 2024-25 में कक्षा 10 वीं में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी में संपर्क कर सकते हैं।

## जप लांजी के सराय काम्प्लेक्स से हटाया गया अवैध कब्जा, दुकान मे लगाया गया सीलबंद ताला

### सराय काम्प्लेक्स लांजी मे नविन कम्प्लेक्स निर्माण कार्य होगा जल्द शुरू



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी नगर के गृर्भ गृह मे स्थित जनपद पंचायत लांजी के सराय काम्प्लेक्स बस स्टैंड लांजी जो कि हमेशा विवादो के घेरे मे रहती है जहां पर आवागमन को लेकर लोगो को दिक्कतो का सामना करना पडता है वही स्कूल की छुट्टी होने पर छात्र-छात्राओ को सड़क से गुजरना मुश्किल हो जाता है जिसका मुख्य कारण सराय काम्प्लेक्स बस स्टैण्ड लांजी मे खडी रहने वाली बसे है। जबकि जनपद पंचायत ने सराय काम्प्लेक्स व्यवसाय हेतु आवंटित किया गया था परन्तु जिस हितग्राहि को आवंटित किया गया था और जिसके नाम से दुकाने दर्ज है उस हितग्राहि ने अपने स्वयं के व्यसाय हेतु उस काम्प्लेक्स मे आज तक दुकान नही खोला, बल्कि उस काम्प्लेक्स को अन्य व्यक्ति को किराये पर देकर शासन के नियमो को उलंघन किया है। जिसकी शिकायत जनपद पंचायत लांजी मे कई मर्तबा की जा चुकी है जिसको लेकर पूर्व मे राजस्व अमला एस.डी.एम., तहसीलदार, पटवारी तथा पुलिस विभाग से एस.डी.ओ.पी., थाना प्रभारी व पुलिस बल के द्वारा कई मर्तबा उक्त सराय काम्प्लेक्स बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर अवैध दुकान संचालको को हिदायत दी जा चुकी है फिर भी आज तक उन पर कोई उचित कार्यवाही नही की गई। वही इस मामले को लेकर 2 अगस्त को बजरंग दल के प्रखण्ड अध्यक्ष राजू रामटेक्कर एवं उनके सहयोगी द्वारा सराय काम्प्लेक्स मे दुकान नम्बर 04 मे अवैध कब्जा कर दुकान संचालन करने के संबंध मे अवैध कब्जा हटाने को लेकर लांजी जनपद पंचायत सी.ओ. रामगोपाल यादव को एवं लांजी थाना प्रभारी विभेंदू व्यंकट टांडिया लिखित शिकायत देकर कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर लांजी जनपद के सी0ओ0 श्री यादव ने टिम गठित कि गई जिसमे लेखराज रामटेक्कर खण्ड पंचायत अधिकारी, राजू हरिन्द्रवार बी0सी0 आवास अधिकारी, दुष्यंत उमरे सहायक ग्रेड-2, देवराज रहांगडाले लांजी पटवारी, मोहित शर्मा सामाजिक न्याय अधिकारी, महेन्द्र सिंह सिरामे समन्वयंक अधिकारी, योगराज आमाडारे भृत्य, मडावी भृत्य, शुद्धोधन वासनिक ग्राम रक्षक वही पुलिस थाना लांजी से ए.एस.आई. महेश बिसेन, तथा आरक्षको की उपस्थिति मे अवैध संचालित दुकान पर सीलबंद ताला की कार्यवाही की गई।

**अंतर्राज्यीय बसो के संचालन से होती है राहगीरो को परेशानी:** सराय काम्प्लेक्स बस स्टैण्ड मे सिर्फ छोटी बसो का संचालन पूर्व मे किया जाता था जिससे कोई परेशानी उत्पन्न नही होती थी परन्तु जब से अंतर्राज्य हैदराबाद जाने वाली बडी-बडी लक्जरी बसो का बस स्टैण्ड मे संचालन होने से सराय काम्प्लेक्स की पहचान ही खत्म होने के कगार मे आ चुकी है। जहा बस संचालको के द्वारा पुरे बस स्टैण्डो मे कब्जा कर लिया गया है वही यात्रीयो को भी यात्री प्रतिक्षालय का लाभ नही मिल पा रहा है और इन बस संचालको के सामने प्रशासन बौना होता नजर आ रहा है प्रशासन द्वारा कई मर्तबा कार्यवाही करने के बावजूद भी बस संचालक और भी ज्यादा अपनी टिकट काउंटर की दुकान खोलकर रोडो जाम करने मे सफल होते नजर आ रहे है।

### पीएम के भाषण का दिखाया गया प्रसारण, एसडीएम ने भी किसानों से किया संवाद

## कटंगी क्षेत्र के 50 हजार कृषकों को मिली सम्मान निधि

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



जनपद पंचायत कटंगी के सभागार में शनिवार 02 अगस्त को एक कार्यक्रम का आयोजन कर कटंगी और तिरोड़ी तहसील क्षेत्र के किसानों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया. प्रधानमंत्री ने आज वाराणसी से पीएम-किसान योजना की 20वीं किस्त का वितरण किया. देश भर के 9.7 करोड़ किसानों को 20,500 करोड़ रुपये की राशि उनके खातों में सीधे ट्रांसफर की गई. कटंगी क्षेत्र के करीब 50 हजार किसानों के खातों में यह राशि जमा हुई. एसडीएम के.सी.ठाकुर, कटंगी तहसीलदार राकेश प्रजापति, तिरोड़ी तहसीलदार श्रीमती गीता राहंगडाले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गायत्री कुमार सारथी, नायब तहसीलदार, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे, उपाध्यक्ष देवी प्रसाद तिवारी, धनेन्द्र चौधरी, जनपद सदस्य ज्योति सूर्यवंशी, नेगेन्द्र चौहान सहित किसान मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के भाषण की समाप्ति के पश्चात एसडीएम ने किसानों से चर्चा करते हुए कि वह अपने आधार कार्ड अपडेट करवाएं. आवश्यक रूप से केवाईसी करवाएं और किसी को भी ओटीपी शेयर करते हुए पूरी सर्तकता अवश्य बरते आजकल साइबर क्राइम के मामले भी लगातार देखने और सुनने में आ रहे है. एसडीएम ने कहा कि जिन किसानों को आज योजना का लाभ नहीं मिल पाया होगा निश्चित तौर पर उन्होंने केवाईसी नहीं करवाई होगी या बैंक में अपना आधार और मोबाइल नंबर दर्ज नहीं करवाया होगा. इस तरह के छोटे-छोटे कारणों की वजह से कई बार व्यक्ति को परेशान होना पड़ता है इसलिए सुनिश्चित करें कि आधार अपडेट हो, केवाईसी पूर्ण हो. केवाईसी इसलिए जरूरी है क्योंकि यह धोखाधड़ी और अन्य अवैध गतिविधियों को रोकने में मदद करता है. केवाईसी प्रक्रिया के माध्यम से पहचान और पते की पुष्टि होती है यह सुनिश्चित होता है कि वे जो लोग हैं, वे ही हैं. भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चौकसे और उपाध्यक्ष देवी प्रसाद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यानी केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

### पंचायत सचिव संगठन की हुई बैठक

**कटंगी ।** जनपद पंचायत कटंगी के सभाहाल में शनिवार को दोपहर 02 बजे पंचायत सचिव की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया. प्रदेश सचिव नामदेव राउत, बालाघाट जिलाध्यक्ष जितेन्द्र चित्रिव, जिला प्रवक्ता हरेंन्द्र बागड़े, जिला सचिव कृष्ण कुमार रनगिरे, पूर्व जिला सचिव युवराज दासरे, जिला संगठन मंत्री लक्ष्मी प्रसाद सोनवाने, लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप कावरे, वारासिवनी अध्यक्ष लिखन लाल ठाकरे, योगराज टेम्भरे, कोमल कटरे, विपतसिंह कुमरे के मुख्य आतिथ्य में यह बैठक हुई. बैठक की शुरुआत में कटंगी ब्लॉक के पदाधिकारियों ने प्रदेश, जिला और अलग-अलग ब्लॉक से पहुंचे पदाधिकारियों को पुष्प हार और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मान किया. जिसके बाद कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष ने ब्लॉक कार्यकारिणी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**खबर संक्षेप**

### विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन कल

छपारा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छपारा मुख्यालय में विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन आगामी 4 अगस्त सोमवार को सुबह 9 बजे किया जा रहा है। उक्त कांवड़ यात्रा मां बैनगंगा नदी के पावन तट प्राचीन शिव मंदिर सिद्ध बाबा घाट छपारा से जल लेकर मुख्य मार्ग से होते हुए ब्रहम्लीन परम पूज्य जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी स्वारूपानंद महराज के गुरुधाम (दिघौरी) पहुंचकर गुरु रत्नेश्वर भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा। पूजन अभिषेक के बाद विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है, जहां आमजनों से प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किए जाने का आग्रह किया गया है। यह विशाल कांवड़ यात्रा केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठा. रजनीश सिंह एवं छपारा के सभी धर्मप्रेमी बंधुओं की ओर आयोजित की जा रही है। समस्त श्रद्धालु भक्तजनों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कांवड़ यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई है।

# प्रधानमंत्री सम्मान निधि के हित लाभ वितरण का जिला स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न

## कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के साथ ही जनपद स्तर पर देखा गया सीधा प्रसारण

**कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के बनारस से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त के तहत धनराशि हस्तांतरण कर किसान भाई-बहनों को संबोधित किया।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

डॉ शेखर सिंह बघेल वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी द्वारा में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सिवनी जिला के प्रगतिशील किसानों को दिखाया गया।

इस सजीव प्रसारण के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, श्री संजय सक्सेना प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा, दीपक ठाकुर प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा,जनपद सदस्य घनश्याम सनोडिया, डिप्टी कलेक्टर विजय कुमार सेन, उपसंचालक कृषि सुधीर धुर्वे सहायक संचालक प्रफुल्ल घोडेस्वर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ शेखर सिंह बघेल आदि मंचासीन रहे । इस दौरान सिवनी के लगभग 280 से अधिक किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम दौरान किसान भाइयों को वैज्ञानिकों ने खरीफ मौसम में धान, सोयाबीन, मक्का,अरहर फसलों में समसामयिक समस्याओं की समाधान पर तकनीकी सलाह प्रदान की। कार्यक्रम में विशेष रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया ।इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ के के देशमुख डॉ निखिल सिंह इंजि. कुमार सोनी डॉ जी के राणा श्री प्रशांत कुर्मी आदि की उपस्थिति रही ।



# जिले को प्राप्त हुआ 1442 मेट्रिक टन यूरिया उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं उपसंचालक कृषि सिवनी सुधीर कुमार धुर्वे द्वारा कृषकों को कृषि आदान सामग्री जैसे बीज, उर्वरक एवं पौध संरक्षण रसायन उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में लगातार किये गये प्रयासों से शनिवार 2 अगस्त को सिवनी जिले को सिवनी रैक पाइंट से एच यू आर एल कंपनी का यूरिया उर्वरक 1093 मेट्रिक टन प्राप्त हुआ है। जो कि डबल लॉक केन्द्रो में 210 मेट्रिक टन, समितियों में 416 मेट्रिक टन, एम.पी एग्रो सिवनी में 30 मेट्रिक टन, तथा निजी क्षेत्र में 321.3 मेट्रिक टन, यूरिया उर्वरक उक्त कंपनी का पहुँच रहा है। इसके अतिरिक्त मंडला जिले में स्थित चिरई डोंगरी रैक पाइंट से चंबल फर्टीलाइजर्स की रैक से जिले को 349.5 मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त हो रहा है। जो कि डबल लॉक केन्द्रो में 60 मेट्रिक टन एवं निजी क्षेत्रो में 289.5 मेट्रिक टन यूरिया उर्वरक पहुँच रहा है। इस प्रकार जिले को कुल 1442 मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ है। उक्त यूरिया उर्वरक का वितरण दिनांक 4/08/2025 से सभी संस्थाओं से प्रारंभ हो जायेगा।

**अधिकारियों ने रैक पाइंट पर पहुँचकर किया निरीक्षण**

उपसंचालक कृषि सिवनी श्री सुधीर कुमार धुर्वे, सहायक संचालक कृषि श्री प्रफुल्ल घोड़ेसवार एवं अन्य अधिकारियों ने सिवनी के उर्वरक रैक पाइंट पहुँचकर प्राप्त हुए उर्वरक की कंपनी प्रतिनिधी से जानकारी ली तथा मंडल प्रबंधक मार्कफेड जबलपुर के माध्यम से जारी प्रोग्राम अनुसार उर्वरक परिवहन की व्यवस्था का अवलोकन किया।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन ने वाहनों को हरि झंडी दिखाकर जनमानस सेवा मे किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने शासकीय वाहनों को हरि झंडी दिखाकर जनमानस की सेवा मे समर्पित किया।

आज विधायक दिनेश राय मुनमुन शासकीय जिला चिकित्सालय पहुंचे। जहां पर आपने मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त निः शुल्क शव वाहनों को हरि झंडी दिखाकर जनमानस की सेवा मे समर्पित किया। इस अवसर पर सर्वश्री डॉ जयपाल सिंह ठाकुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ विनोद नावकर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, डॉ पुरुषोत्तम सूर्या, डॉ योगेश अग्रवाल, डॉ कृष्ण सिरोठिया, महेंद्र डेहरिया अस्पताल प्रशासक, डॉ शैलेश डेहरिया डीपीएम, डॉ नुमान हुसैनी हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट फॉरेंसिक डिपार्टमेंट, संजय दुबे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष, इंदिरा अड़कने मीडिया प्रभारी, लोकेश चिकाने डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, बृजेश रहाँगडाले डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर एवं स्टाफ की उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गोपालगंज पहुंचकर प्रतिष्ठित नागरिक माधव प्रसाद चंद्रवंशी जी की माता जी के तेरहवीं कार्यक्रम शामिल हुए तथा दिवंगत आत्मा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

# पूर्व ब्रांच मैनेजर 11 लाख के गबन में पहुंचा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में लखनादौन पुलिस को स्पंदना स्पूर्ती फाइनेंस कंपनी के तत्कालिन ब्रांच मैनेजर को 11,70,712 रूपये के गबन के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 11/07/2025 को स्पंदना स्पूर्ती फाइनेंस कंपनी शाखा लखनादौन के वर्तमान शाखा प्रबंधक कैलाश मेहरा द्वारा ब्रांच के तत्कालिन शाखा प्रबंधक अनुराग खेमरिया के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कराया गया*

कंपनी महिलाओ एवं ऐसे व्यक्ति जो कि अपने कार्य शैली पर व्यापार करना चाहते है उन्हे लोन देने का काम करती है शाखा लखनादोन में पदस्थापना के बाद से शाखा में उधारकर्ता आने लगे और बताये कि हमारे द्वारा पूर्व में लिये गये लोन की किस्ते जमा कर दी गई हैं परंतु हमारे खाते में ओवर ड्यु दिख रहा है जिन्हे पूर्व शाखा प्रबंधक अनुराम द्वारा किस्ते लेकर कंपनी में जमा नही किया है। एवं गायत्री धुर्वे को 50000 रूपये के लोन की आवश्यकता थी परंतु उसके खाते में 72230 रूपये आये थे जो अतिरिक्त 22230 रूपये, अनुराग द्वारा वापस ले लिये थे कपनी में जमा नहीं किया है।

इसी प्रकार कुछ मेंबर ऐसे आये जिन्हे लोन की आवश्कता ना होने पर भी उनके नाम से लोन पास करने के बाद शाखा प्रबंधक अनुराग द्वारा उन मेम्बरो से गलती से खाते में पैसा चला गया कहकर लोन का पैसा वापस ले लिया जिनमें साबरा बी से 72176 रूपये, सुमिता सेन से 80211 रूपये, चंद्रवती से 4399 रूपये, आरजू विश्वकर्मा से 19150 रूपये, पूजा विश्वकर्मा से 47990 रूपये, दशोदा बाई भलावी से 64996 रूपये, राधा बाई उडक़े से 25360 रूपये, मानावती उडक़े से 22370 रूपये, बबलीबाई परते से 32080 रूपये, सावित्रि धुर्वे से 69100 रूपये, जायना बाई से 39200 रूपये, बराती बाई से 49200, कमलाबाई से 41650 रूपये धनवती बाई परते से 12130 रूपये, संपतिया बाई तेकाम से 40000 रूपये, हेमवती सय्याम से 28000 रूपये, देवकी बाई से 39000 रूपये, किरण से 40000 रूपये, सरस्वती से 32000 रूपये, दुर्गा बाई कुडोपा से 29000 रूपये, द्रोपती से 80000 रूपये, अन्नोबाई से 37000 रूपये, मिनाबाई से 40000 रूपये, धनवती से 40000 रूपये, दुर्गाबाई से 57000 रूपये, ईमस्ती बाई से 40000 रूपये, रामकुमारी से 28500 रूपये, क्रांती बाई से 14820 रूपये लेकर शाखा प्रबधंक द्वारा धोखाधडी कर कंपनी का कुल 11,70,712 रूपये का गबन किया गया है। कि रिपोर्ट पर धारा 318(4), 316(5) बीएनएस का पंजीबध्द किया गया। एवं दिनांक 01/08/2025 को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# महिला ब्राम्हण समाज द्वारा मनाया गया हरियाली महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सिवनी द्वारा श्रीमाता मंदिर परशुराम भवन में आनंद का उत्सव हरियाली महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

इसमें जिला ब्राह्मण समाज की पदाधिकारियों , सदस्यों सहित सभी महिलाओं ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से हरियाली छटा बिखेरी। श्री गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, सभी आयु वर्ग की महिलाओं के लिए विभिन्न खेल आयोजित किए गए, श्रीराधाकृष्ण पर आधारित नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई साथ ही हरियाली तीज त्यौहार के खूबसूरत गीत एवं भजन ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सावन के झूले का सभी ने मिलकर आनंद लिया। अंततः सभी ने हाथों में दिये लिए मातारानी की सुंदर आरती की एवं स्वल्पाहार कर सभी महिलाओं ने प्रसन्नता पूर्वक कार्यक्रम समापन किया।

# वेयर हाउस से 450 किलो गेहूं चोरी करने वाला चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम व्दारा भाना क्षेत्र में तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

घटना दिनांक 01.08.2025 को प्रार्थी देवेन्द्र उर्फ संदीप पिता मुरली यादव उम्र 24 साल निवासी सोनाडोंगरी थाना बंडोल ने रिपोर्ट लेख कराया कि अरहिंत वेयर हाउस में अज्ञात व्यक्तियो व्दारा ताला तोडक़र 9 बोरी गेहू की बोरी चोरी करना बताने पर रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र.378/25 धारा 331(4),305,3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेही आरिफ उर्फ राजा कुरेशी पिता अनवर उम्र 30 साल निवासी ग्राम देवरी थाना लालबर्ग (2) नंदलाल पिता हेमराज जंघेला उम्र 35 साल निवासी सोनाडोंगरी थाना बंडोल से सख्ती से पूछताछ की गई किसने घटना 31.07.25-01.08.25 की दरमियानी रात्त अरिहंत वेयर हाउस में चोरी करना स्वीकार किया है. आरोपियों से चोरी किया गया अनाज, पटना में उपयोग मोटर सायकल एवं ताला तोडऩे के औजार विधिवत जप्न कर कब्जा पुलिस में लिया गया है,व आरोपियो के विरूध्द विधि अनुसार कार्यवाही की गई है। जामीः 9 बोरी गेहूं वजन करीब 450 कि.ग्रा. (कीमती 13000/-रूपये) बिना नम्बर प्लेट की बजाज डिसक्वर मोटर सायकल कीमती (25000 रुपये) ताला तोडऩे में उपयोग औबार नाम आरोपीः- (1) आरिफ उर्फ राजा कुरेशी पिता अनवर उम्र 30 साल निवासी ग्राम देवरी धारा लालबर्रा।

**कत्लखाने जा रहे 3 नग मवेशी को बंडोल पुलिस ने छुड़ाये**

पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के द्वारा गौवंश वध, अवैध परिवहन करने वालो के विरूध्द सख्त कार्यवाही हेतु समस्त थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया है व अवैध गौवंश हत्या, परिवहन करने वालो की सूचना देने वाले मुखबिरो को नगद इनाम से पुरूष्कृत करने हेतु घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम एवं उनकी टीम व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार गौवंश पर कार्यवाही की जा रही है।
दिनांक 02/08/2025 को थाना प्रभारी बंडोल व्दारा अवैध मवेशी परिवहन की मुखबिर सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए ग्राम कलारबांकी से 01 किमी. आगे खैरी रोड से तीन व्यक्ति मवेशियो एक मो.सा. से मवेशी को हाकते, खदेडते, मारते, पीटते, दौडाते क्रूरतापूर्वक मंवेशी वध करने की नियत से नागपुर कत्लखाने जंगल के रास्ते से ले जाते दिखे जिन्हे घेराबंदी कर हिकमतमली कर पकडे गये। घटना स्थल पर एक आरोपी (1) साबिर पिता अब्दुल राजिक खान उम्र 40 साल निवासी खैरी थाना कान्हीवाडा को अभिरक्षा में लिया गया एवं अन्य (2) शमी पिता हकीम खान उम्र 35 साल निवासी खैरी थाना कान्हीवाडा (3) दस्सू पिता ठेंगरी मरार उम्र 32 साल निवासी खैरी थाना कान्हीवाडा फरार आरोपियो की तलाश जारी है। क्रूरता पुर्वक अवैध मवेशी परिवहन करते पाये गये कुल 03 नग गाय बछिया क्रूरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा था मोके पर कुल 03 नग मवेशी गाय बछिया एवं मो.,सा. एमपी -22-जेसी -6561 जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया है।

# निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक किया दोगुना, EROs और AEROs को भी मिलेगा मानदेय

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही BLO पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। आयोग ने पहली बार EROs (निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) और AEROs (सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) को भी मानदेय देने का निर्णय लिया है। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की नींव हैं। मतदाता सूची तैयार करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी EROs, AEROs, BLO पर्यवेक्षक और BLOs निभाते हैं। इनकी मेहनत से ही सटीक और पारदर्शी मतदाता सूचियां तैयार होती हैं। BLOs की वार्षिक पारिश्रमिक राशि को 6000 रुपये से बढ़ाकर 12000 रुपये कर दिया गया है, जबकि मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए BLO को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि अब 1000 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये कर दी गई है। BLO पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक 12000 रुपये से बढ़ाकर 18000 रुपये किया गया है। इसके अलावा EROs को अब 30000 रुपये और AEROs को 25000 रुपये का मानदेय मिलेगा। इससे पहले इन्हें कोई मानदेय नहीं दिया जाता था। आयोग ने बिहार में शुरू होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के लिए BLOs को अतिरिक्त 6000 रुपये के विशेष प्रोत्साहन को भी मंजूरी दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार यह निर्णय उन चुनाव कर्मियों की प्रतिबद्धता को सम्मानित करता है, जो क्षेत्रीय स्तर पर सटीक मतदाता सूचियां बनाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। आयोग का यह कदम उनके कार्य का उचित सम्मान और प्रोत्साहन सुनिश्चित करेगा।

# नेवरी नदी से रेत हो रहा है अवैध उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

कुरई ब्लॉक के बादलपार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम निवारी के पास में इन दिनों बहती हुई नेवरी नदी से रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है उन्हें मना करने पर अवैध रेत उत्खनन करना रोक नहीं रहे हैं यह कार्य नदी के बहते हुए पानी से पुलिया के पास से हो रहा है जिससे इस पुल के क्षतिग्रस्त होने का भी डर है इस बरसात में इस पुलिया की एक रिटर्निंग बाल भी क्षतिग्रस्त होकर गिर गई है।
इसीलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी



के जिला सचिव ओमप्रकाश बोर्ड सहित कामरेड डीडी वासनिक राजेंद्र जायसवाल डॉ बी सी ओके शिवदास वासनिक राहुल भैया धनीराम डेहरिया मस्तराम भलावी सीताराम डेहरिया राकेश बनवारी मुकेश बनवारी इंद्रु मरावी आदि ने कलेक्टर महोदय एवं खनिज विभाग के अधिकारियों से एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मांग की गई है कि नेवरी नदी के पास क्षतिग्रस्त पुलिया के पास से रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाई जावे अन्यथा आवागमन के लिए बनाई गई पुलिया क्षतिग्रस्त हो जावेगी और शासन को रेत के अवैध उत्खनन से राजस्व की हानि होगी तथा आम जनता को भारी परेशानी होगी।

# धूमा में कांवड़ यात्रा का शुभारंभ आज, सैकड़ों की संख्या में भक्ति जाएंगे नर्मदा तट

**सिवनी।** जिले के लखनादौन तहसील की उपनगरीय क्षेत्र धूमा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन के पावन महीने में बटेश्वर महादेव मंदिर कहानी रोड धूमा के तत्वाधान में भव्य कावड़ यात्रा का शानदार तीसरा वर्ष का आयोजन किया जा रहा है जहां आज दिनांक 03/08/2025 दिन रविवार को सुबह लगभग 6:00 बजे बटेश्वर महादेव मंदिर कहानी रोड धूमा में पूजन अर्चन कर लगभग 150 से 200 कावड़ियों के साथ धूमा नगर भ्रमण कर बरगी सालीवाडा घाट के लिए वाहन द्वारा प्रस्थान करेंगे एवं सुबह 8:00 बजे सालीवाड़ा घाट बरगी से मां नर्मदा का पूजन अर्चन कर जल लेकर वहां से बटेश्वर महादेव मंदिर धूमा के लिए निकलेंगे साथ में भगवान भोलेनाथ की भव्य प्रतिमा , डीजे लाइट,धमाल,आतिशबाजी एवं जगह-जगह भोलेनाथ के भक्तों द्वारा कांवड़ियों का स्वागत एवं भंडारे की व्यवस्था की गई है एवं दिनांक 04/08/2025 सावन के चौथे सोमवार को बटेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया जाएगा नर्मदा जल से शिव के अभिषेक के लिए कांवड़ियों में उत्साह भरा हुआ है जो बड़ी संख्या में नर्मदा जल लाने को तैयार हो रहे हैं।

# एमएससी जूलॉजी सेम शतप्रतिशत रिजल्ट, सिवनी के विद्यार्थियों में प्रसन्नता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा से घोषित परिणाम में एमएससी जूलॉजी 4th सेम शत प्रतिशत रिजल्ट रहा। पीएम कॉलेज आप एक्सीलेंस गवर्नमेंट पीजी कॉलेज सिवनी प्राणी शास्त्र विभाग जूलॉजी का रिजल्ट 100% रहा। एमएससी 4th से में 80 छात्र-छात्राएं रहे सभी का अच्छा परिणाम आया है। जिसमें से श्रुति यादव 81%, पलक मरकाम 80%, मोहित डहरवाल 79%, अहिल्या भारद्वाज 78%, अंजनी 77%, संजना पाटिल 77%, ज्योति कुमरे 76.25%, तरु शरणागत 76%, वैशाली सिरसाम 75.25%, नूरीन कुरैशी 75%, शोभा 75%, कामिनी पाल 75%, दिव्या पुरी 75%, स्वाति बांगरे 74%, पूनम रजक 71%, प्रीति राजपूत 71% आदि सभी छात्राओं का बेहतर परिणाम रहा। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रवि शंकर नाग सभी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है। वही प्राणी शास्त्र विभागअध्यक्ष डॉक्टर आर एस डेहरिया ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दिए एवं प्राणी शास्त्र का स्टाफ डॉक्टर संदीप कुमार शुक्ला, डॉ मनीसा सोनेकर, धनेंद्र कुमार गुरदेकर, डॉ.टी.पी. सागर ने सभी छात्रों के लिए मंगल कामनाएं प्रेषित की उन्होंने बताया कि छात्रों की कड़ी मेहनत एवं लगन से सभी छात्र छात्राओं का बेहतर परिणाम आया जिसमें छात्रों की कड़ी मेहनत एवं लगन का नतीजा है। बीते वर्षों में दो छात्राओं ने विश्वविद्यालय के प्रवीण सूची में अपना स्थान हासिल किया था।

# गैर न्यायालयीन राजस्व अधिकारियों ने किया स्कूल एवं खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**गैर न्यायालयीन राजस्व अधिकारियों ने किया स्कूल एवं खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण**

**सिवनी।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने जिले में राजस्व न्यायालय कार्यों एवं गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए पृथक-पृथक राजस्व अधिकारियों की नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। जिले में न्यायालयीन कार्यों के लिए अधिकारी कार्य दिवस पर प्रतिदिन राजस्व न्यायालय में उपस्थित रहकर प्रकरणों का निराकरण कर रहे हैं।

इसी क्रम में नायब तहसीलदार श्री हिमांशु जैन एवं सुश्री राधिका पाठक ने ग्राम चावडी के शासकीय विद्यालय का निरीक्षण किया। उनके द्वारा किताबों के वितरण तथा मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता आदि का अवलोकन करते हुए सभी बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिये गए। इसी तरह वृहत्ताकार सहकारी संघ सीलादेही का निरीक्षण कर खाद वितरण की व्यवस्था का अवलोकन कर किसानों से चर्चा की गई। केंद्र प्रभारी को उर्वरकों की दर सूची लगाने के दिए निर्देश दिये गए। इसके अतिरिक्त अन्य गैर न्यायालयीन राजस्व अधिकारियों ने भी अपने क्षेत्र के स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों, सहकारी समिति का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओ का अवलोकन किया।

## आदिवासी समाज और गोंडवाना पार्टी का आंदोलन हुआ सफल

# प्रशासन ने आदिवासियों की मांग माना, मुरझोर हत्याकांड में एसआईटी गठित

**31 जुलाई को आदिवासी समाज और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का विशाल जन आंदोलन कृषि मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



कार्यक्रम में आदिवासी समाज के नेता और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम के पश्चात सामूहिक रैली तहसील कार्यालय छपारा पहुंची जहां अनुविभागीय अधिकारी उपस्थित नहीं होने के कारण तहसीलदार को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश शासन भोपाल पुलिस महानिदेशक महोदय भोपाल के नाम गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आदिवासी समाज के नेताओं ने ज्ञापन सोंपा।

ज्ञापन में उन्होंने बताया आदिवासी स्वर्गीय संतराम सैयाम पिता साहू लाल सैयाम 35 वर्ष निवासी मुरझोर हत्या की उच्च स्तरीय वा निष्पक्ष एस आइ टी जांच की मांग सहित पूर्व में दिए गए ज्ञापनों पर प्रशासनिक निष्क्रियता के विरुद्ध आंदोलन के माध्यम से चेतावनी स्वरूप ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन सौंपते समय गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेता और आदिवासी समाज के लोगों ने एस आई टी गठन के लिए नारेबाजी की लगभग 8 बजे रात्रि में कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सिवनी द्वारा एक आदेशित पत्र जारी किया गया जिसमें थाना छपारा के अपराध क्रमांक 210/ 25 धारा 103 (1) 238 बी एन एस 3(2)(व्ही) एससी /एसटी एक्ट के प्रकरण में दिनांक 13-05-25 को मृतक संतराम सैयाम थाना छपारा की हत्या करने पर एक आरोपी गिरफ्तार किया गया है गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा उक्त हत्या घटना में एक से अधिक आरोपी है उक्त बात को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाकर प्रकरण की निष्पक्ष विवेचना किए जाने की बात को लेकर ज्ञापन एवं धारा प्रदर्शन किया जा रहा है अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लखनादौन के निर्देशन में अधिकारी कर्मचारी की विवेचना टीम गठित की जाती है जो अनु विभागीय विभाग अधिकारी पुलिस लखनादौन के निर्देशन में मर्ग की सतत विवेचना करते हुए मामले का समय सीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करेंगे 31- 07-20 25 को पुलिस अधीक्षक सिवनी का पत्र मिलने के बाद लगभग 8:00 बजे रात्रि को आदिवासियों और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के नेताओं ने अपना जन आंदोलन समाप्त किया।

## सीएम हेल्पलाईन में भी की शिकायत, मामला वन परिक्षेत्र कटंगी का
# निलबंन से नाराज वनरक्षक ने लगाये गंभीर आरोप, कहा- उच्च न्यायालय जाऊंगा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के वन विभाग में कार्यरत वनरक्षक गुलाबसिंह उईके ने अपने ही विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने शनिवार को सीएम हेल्पलाइन, कलेक्टर और विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की है।

गुलाबसिंह का आरोप है कि उन्हें बिना गलती के असंवैधानिक तरीके से निलंबित किया गया है। वे न्याय के लिए हाईकोर्ट और मानव अधिकार आयोग जाने की बात कह रहे हैं।

### बाघ ने किसान पर किया था हमला, गुलाब सिंह निलंबित

मामला 3 मई 2025 का है, जब कटंगी परिक्षेत्र के कुड़वा बीट में एक बाघ ने खेत में सो रहे किसान प्रकाश पर हमला कर दिया था। इस हमले में किसान की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद विभाग ने गुलाबसिंह को निलंबित कर दिया था।

गुलाबसिंह के अनुसार, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उन्हें मारने का प्रयास किया था। उन्होंने जान बचाने के लिए एक घर में शरण ली थी। बाद में पुलिस की मौजूदगी में जनहानि का प्रकरण बनाया गया। उन्होंने तिरोड़ी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

पुलिस ने ग्रामीणों के खिलाफ बीएनएस और सार्वजनिक संपत्ति नुकसान का मामला दर्ज किया था। इसी दिन वरिष्ठ अधिकारियों ने गुलाबसिंह को निलंबित कर दिया।

गुलाबसिंह का कहना है कि उनका निलंबन संवैधानिक प्रक्रिया से नहीं किया गया। उन्हें निलंबन से पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया और निलंबन आदेश सिर्फ व्हाट्सएप पर भेजा गया।

### एसडीओ को 7 कॉल किए, जवाब नहीं मिला

वनरक्षक ने बताया कि घटना की जानकारी देने वरिष्ठ परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ्ढार को 39 बार और एसडीओ बी.आर. सिरसाम को 7 बार कॉल किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। आरोप है कि विभाग उनके और ग्रामीणों के बीच विवाद का हवाला दे रहा है, जो गलत है। इधर, तीन महीने से निलंबन भुगत रहे गुलाबसिंह को मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ... तो मानवाधिकार आयोग जाऊंगा

वनरक्षक ने बताया कि यदि मुझे बहाल नहीं किया जाता, निलंबन अवधि को कार्य अवधि नहीं माना जाता है तो, हाईकोर्ट और मानव अधिकार आयोग जाऊंगा। मामले में हमने एसडीओ बीआ. सिरसाम, परिक्षेत्र अधिकारी बाबुलाल चढ्ढार, वनमंडलाधिकारी से उनके दूरभाष पर पक्ष जानने का प्रयास किया, लेकिन जवाब नहीं मिला।

## जिले को मिली लंबी दूरी की दो नई ट्रेन
# आज से रीवा-पुणे और जबलपुर-रायपुर ट्रेन शुरू होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

रक्षाबंधन से पहले बालाघाट को लंबी दूरी की दो नई ट्रेनें मिली हैं। रीवा से पुणे और जबलपुर से रायपुर के बीच ये ट्रेनें 3 अगस्त से शुरू होंगी।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने 29 मई को इन दो नई ट्रेनों की घोषणा की थी। वेस्ट सेंट्रल रेलवे (WCR) से मिली जानकारी के अनुसार, ट्रेन नंबर 11702/11701 जबलपुर-रायपुर-जबलपुर और ट्रेन नंबर 20152/20151 रीवा-पुणे-रीवा 3 अगस्त को सुबह 11 बजे जबलपुर से रवाना होंगी। जबलपुर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और रीवा से उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे।

### यात्रियों को समय और पैसे की बचत

ये ट्रेनें वाया बालाघाट होते हुए चलेंगी, जिससे यात्रियों को समय और किराए दोनों की बचत होगी। जबलपुर से रायपुर के बीच चलने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस प्रतिदिन चलेगी, जो लगभग 410 किलोमीटर का सफर तय करेगी। वहीं रीवा से पुणे के बीच चलने वाली साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 1490 किलोमीटर का सफर तय करेगी।




### लामटा में स्टॉपेज के लिए सांसद ने लिखा पत्र

हालांकि, इन ट्रेनों का स्टॉपेज लामटा स्टेशन पर नहीं दिया गया है, जिससे स्थानीय लोगों में निराशा है। लामटा के लोगों ने स्टॉपेज की मांग को लेकर हाल ही में आंदोलन भी किया था। सांसद भारती पारधी ने इस संबंध में रेलमंत्री को पत्र लिखकर स्टॉपेज देने की मांग की है।

वहीं सांसद ने कहा- इन ट्रेनों से ना केवल आर्थिक और सामाजिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि मेडिकल, शिक्षा और व्यापार के क्षेत्र में भी बेहतर रेल सुविधा मिलेगी। उन्होंने इसे डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

# कलेक्टर ने रजेगांव में किया हाईवे का निरीक्षण

**बालाघाट की ओर से आने वाले वाहनों को अंडर पास से रजेगांव में प्रवेश करना होगा**



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 02 अगस्त को अधिकारियों के साथ बालाघाट-गोंदिया नेशनल हाईवे क्रमांक-543 पर रजेगांव के पास गत दिवस हुई सड़क दुर्घटना के स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाईवे से रजेगांव में प्रवेश करने वाले स्थलों को देखा और निर्देशित किया कि बालाघाट की ओर से आने वाले वाहनों को अंडर पास से ही रजेगांव में प्रवेश करना होगा। इसी प्रकार रजेगांव से बालाघाट की ओर आने वाहनों को भी अंडर पास से ही हाईवे पर आना होगा। सड़क दुर्घटनाओं के रोकने के लिए इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये।

अभी बालाघाट की ओर से आने वाले वाहन अंडर पास के पहले ही रजेगांव रोड पर जा रहे हैं। इस व्यवस्था को परिवर्तित करने एवं रजेगांव में प्रवेश करने वाली अंडर पास के पहले की इस सड़क से आवागमन पूर्णतः बंद कराने कहा गया। कलेक्टर श्री मीना ने अंडरपास से रजेगांव की ओर जाने वाली सड़क की मरम्मत एवं सुधार का कार्य एनएचआई के अधिकारियों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने हाईवे से रजेगांव अंडरपास की ओर आने वाली सड़क पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए रंबल स्ट्रीप लगाने के निर्देश दिये। इस दौरानजिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधि कारी श्री अभिषेक सराफ, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, एसडीओपी श्री ओमप्रकाश, एनएचआई के अधिकारी, पुलिस उपनिरीक्षक एवं ग्राम पंचायत रजेगांव के सरपंच मौजूद थे।

## किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराया जाये-सांसद पारधी

**बालाघाट।** बालाघाट-सिवनी लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कृषि विभाग के अधिकारियों से कहा है कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद उपलब्ध करायें। उन्होंने उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय से कहा है कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार यूरिया, डीएपी, एनपीके उर्वरक उपलब्ध कराना उनकी जिम्मेदारी है। समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों की फसलें प्रभावित होंगी और उनका उत्पादन प्रभावित होगा। अतः बालाघाट जिले में खाद की आपूर्ति के लिए तत्परता के साथ प्रयास किये जायें। मालगाड़ी के रैक बालाघाट रेल्वे स्टेशन पहुंचने पर खाद का तत्काल उठाव कर सोसायटियों में पहुंचाना सुनिश्चित करें। किसानों को उर्वरक प्राप्त करने के लिएकिसी तरह की परेशानी नहीं होना चाहिए ।

# परसवाड़ा की विद्युत समस्या को विधायक भगत ने सदन में उठाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की विद्युत समस्याओं को लेकर विधायक मधु भगत ने ऊर्जा मंत्री से विस्तारपूर्वक जवाब मांगा। उन्होंने प्रश्न क्रमांक 1257 के माध्यम से परसवाड़ा क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा घरेलू विद्युत कनेक्शन के लिए जमा किए गए आवेदनों की स्थिति, अब तक जारी स्थायी कनेक्शनों की संख्या तथा बचे हुए आवेदनों की स्थिति की जानकारी मांगी।विधायक भगत ने अपने प्रश्न में यह भी पूछा कि जिन आवेदकों ने सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली हैं, उन्हें अब तक स्थायी कनेक्शन क्यों नहीं मिले हैं? साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि विद्युत पोल और कनेक्टिविटी की कमी के कारण विद्युत आपूर्ति में विलंब हो रहा है। उन्होंने क्षेत्र में जारी विद्युत कटौती की समस्या को उठाते हुए कृषकों को हो रही परेशानियों का विशेष रूप से उल्लेख किया।ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जवाब में बताया कि जिन आवेदनों की समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा चुकी हैं, ऐसे मामलों में स्थायी कनेक्शन दिए जा चुके हैं, और वर्तमान में कोई भी ऐसा लंबित आवेदन नहीं है। बालाघाट जिले में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीन कार्यरत लोक सेवकों द्वारा संबंधित जानकारी विधानसभा पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट में उपलब्ध है।मंत्री ने



बताया कि परसवाड़ा क्षेत्र के अंतर्गत 11 केवी गैर-कृषि फीडरों पर औसतन प्रतिदिन 22.53 घंटे एवं 11 केवी कृषि फीडरों पर औसतन 9.22 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। कुछ मौकों पर विद्युत लाइनों के रखरखाव, पूर्व निर्धारित शटडाउन या प्राकृतिक आपदाओं जैसी अपरिहार्य स्थितियों के चलते आपूर्ति बाधित होती है, किंतु इसे शीघ्र सुधार कर सामान्य किया जाता है।उन्होंने कहा कि शटडाउन से पूर्व इसकी सूचना उपभोक्ताओं को समाचार पत्र एवं अन्य माध्यमों के जरिए दी जाती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रदेश में सभी घरेलू एवं गैर-कृषि उपभोक्ताओं को 24 घंटे और कृषि उपभोक्ताओं को औसतन 10 घंटे बिजली आपूर्ति का प्रावधान है।विधायक मधु भगत द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने से परसवाड़ा क्षेत्र की जनता की वर्षों पुरानी शिकायतों को सदन में स्थान मिला है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभागीय घोषणाओं के अनुरूप बिजली आपूर्ति और बचे हुए कार्यों की गति को कितनी गंभीरता से अमल में लाया जाता है।

# बालाघाट में पर्यटन क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ संपन्न



### चक्रवर्ती स्कूल बैहर ने प्रथम, मॉडल स्कूल बिरसा ने द्वितीय व सांदीपनी स्कूल बोलेगांव ने तृतीय स्थान पाया

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित पर्यटन क्विज़ का कार्यक्रम आयोजित किया गया पर्यटन क्विज़ प्रतियोगिता बालाघाट कलेक्टर और ज़िला पंचायत CEO के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया और अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के परिणामों के अनुसार, चक्रवर्ती पब्लिक विद्यालय बैहर की टीम सारस A ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसमें पूनम बिसेन, राजेश्वरी उइके और महिमा टेम्बरे ने भाग लिया था। इस टीम ने 260 अंक प्राप्त किए और अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। दूसरे स्थान पर शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा की टीम बारसिंगा C रही, जिसमें रेवन्ती मरकाम, महिमा कौरवे और खुशबू सोनी ने भाग लिया था। इस टीम ने 255 अंक प्राप्त किए और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। तीसरे स्थान पर सांदीपनी विद्यालय बोलेगांव की टीम गांगुलपारा F रही, जिसमें अंशिका गेडाम, प्रीति कावरे और आराधना बांगड़े ने भाग लिया था। इस टीम ने 210 अंक प्राप्त किए और अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।क्विज मास्टर पूनम मिश्रा और अरविंद मते सहायक क्विज मास्टर के रूप में कार्य किया। शिक्षा विभाग से सियानंद मेश्राम, लाकेश शाहू और अन्य अधिकारियों ने भी प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।पर्यटन क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन न केवल छात्रों के ज्ञान और कौशल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था, बल्कि यह पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्थलों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम था। इस प्रतियोगिता के आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास बढ़ा।मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक पर्यटक स्थलों से संबंधित प्रश्नों को मंच से बारी-बारी से स्क्रीन में दिखाकर बताया गया, जिससे बच्चों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस मल्टीमीडिया क्विज़ में पूछे गए प्रश्न इस आयोजन का सबसे खास प्रोग्राम था। जीतने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र और प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर जाने के लिए कूपन भी दिए गए।इस अवसर पर शिक्षा विभाग सहायक संचालक सी इस मरावी, नोडल अधिकारी विकास रघुवंशी, रवि पालेवाल, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य शरद ज्योतिषी, पर्यटन प्रबंधक रत्नदीप बांगरे, पर्यटन निगम प्रबंधक दीपक बिसेन और अशोक येडे सांदीपनी विद्यालय प्राचार्य युवराज राहँगडाले का सहयोग रहा तथा बालाघाट नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर भी इस कार्यक्रम में शामिल हुई । इस प्रतियोगिता के आयोजन से बालाघाट के छात्रों में पर्यटन के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ी। इस प्रतियोगिता में 207 स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया और अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया।

# शिक्षा की पूरक लाइब्रेरी के क्षेत्र में बैहर अनुभाग के बढ़ते चरण
## शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा की लाइब्रेरी अब बनेगी 'गर्ल्स स्पेशल लाइब्रेरी'



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शिक्षा और ज्ञान को सशक्त बनाने की दिशा में बैहर अनुभाग में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बैहर के अनुविभागीय अधिकारी श्री अर्पित गुप्ता (IAS) द्वारा शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में निरीक्षण के दौरान लाइब्रेरी को विशेष रूप से छात्राओं के लिए ₹गर्ल्स स्पेशल लाइब्रेरी₹ के रूप में विकसित करने की पहल की गई है।

निरीक्षण के दौरान मॉडल स्कूल की छात्राओं, विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास की छात्राओं द्वारा JEE, NEET, NDA, CUET जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं एवं कक्षा की पढ़ाई के लिए नियमित अध्ययन की इच्छा जताई गई। छात्राओं ने सुबह 07 बजे से शाम 07 बजे तक लाइब्रेरी के उपयोग की अनुमति की मांग रखी, जिसे गंभीरता से लेते हुए श्री अर्पित गुप्ता ने तत्काल निर्णय लेते हुए सुरक्षा की दृष्टि से दो पालियों सुबह 07:00 से 10:00 बजे तक तथा शाम 04:30 से 07:00 बजे तक - लाइब्रेरी खुली रखने के निर्देश दिए।

इस व्यवस्था के सफल संचालन हेतु शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा के प्राचार्य श्री सौरभ कुमार शर्मा, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय बिरसा श्रीमती लीना स्टीफन, एवं कस्तूरबा छात्रावास वार्डन चंद्रशीला धुर्वे को जिम्मेदारी सौंपी है।

इसके अतिरिक्त, अनुविभागीय अधिकारी महोदय श्री अर्पित गुप्ता (IAS) के साथ ही मुख्य नगरपालिका अशिकारी महोदय श्री दिनेश वाघमारे ने संवाद करते हुए संस्था को ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्मार्ट बोर्ड-इंटरैक्टिव पैनल एवं आवश्यक अन्य सुविधायें भी संस्था को जल्द उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिससे छात्राओं को शैक्षिक एवं तकनीकी रूप से भी सशक्त बनाया जा सके।

श्री गुप्ता ने छात्राओं के उत्साह एवं संस्था की 90% उपस्थिति को देखकर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की और इसे क्षेत्र में शिक्षा के सकारात्मक बदलाव का प्रतीक बताया।

यह पहल न केवल शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ेगी, बल्कि ग्रामीण छात्राओं को भी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन और प्रेरणा प्रदान करेगी।

## आंगनबाड़ी पहुंच मार्ग बनाने का दिया आश्वासन
# गढ़ी सरपंच ने आंगनबाड़ी और स्कूल का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

जनपद पंचायत बैहर की ग्राम पंचायत गढ़ी सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी के द्वारा लगातार आंगनबाड़ी और स्कूलों का निरीक्षण कर उचित प्रबंधन करने की योजना बनाकर विस्तारपूर्वक चर्चा की जा रहीं हैं। सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी ने बताया कि ग्राम पंचायत के क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी और स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा हैं, जिसमें निरीक्षण के दूसरे दिन आरडी चौक आंगनबाड़ी, जामटोला आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला जामटोला का निरीक्षण किया गया और वहा की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, साथ ही उपस्थित शिक्षकों एवं बच्चों से संवाद भी किया। उन्होने आगे कहा कि जल्द एसएमसी की बैठक आयोजित कर शालाओं के उचित प्रबंधन हेतु कार्ययोजना तैयार करने के लिए विस्तारपूर्वक चर्चा की और आंगनबाड़ी केंद्र आरडी चौक हेतु पहुंच मार्ग खराब होने को लेकर जल्द मार्ग को बनाया जायेगा। इस दौरान ग्राम पंचायत गढ़ी सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, पंच उर्मिला रंधवे, चंद्रकांता भौतेकर सामाजिक कार्यकर्ता, धनोता मरकाम द्वारा निरंतर ग्राम की मूलभुत सुविधाएं को बेहतर बनाने हेतु सतत प्रयास किया जा रहा हैं।

## लगभग 26 लाख रूपये डूबे निवेशकों के और भी नागरिक आ सकते हैं सामने
# डीए एआई ऐप के माध्यम से नागरिकों से की गई धोखाधड़ी

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** विभिन्न माध्यमों से लगातार हो रहे धोखाधड़ी के मामले सामने आने और इस संबंध में पुलिस व प्रशासन द्वारा लगातार नागरिकों को सचेत करने के बावजूद जल्दी लखपति बनने के चक्कर में लोग आज भी अपनी धन संपदा को लुटाने का कार्य कर रहे हैं। लालच में फॅस कर लोग अपनी पूॅजी गलत जगहों पर लगाकर बरबाद हो रहे हैं और फिर जब आॅख खुलती हैं, तो पुलिस थाने के चक्कर लगाते रहते हैं।

ऐसा ही एक मामला सामने आया हैं, जिसमें इन्वेसमेंट के नाम पर डीए एआई एप के माध्यम से नगर व ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों से ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया हैं। जब तक एप में निवेश करने वाले कुछ समझ पाते, एप को ठगों द्वारा बंद कर दिया गया और निवेशकर्ताओं की रकम डूब गई। रकम डूबने का पता चलते ही एक शिकायतकर्ता ने पुलिस थाने में ऐप में रकम निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। जिस पर पुलिस ने जॉच उपरांत अनुरोध पिता अवधेश मिश्रा निवासी वार्ड नम्बर 15 सिविल लाईन वारासिवनी के खिलाफ अपराध क्रमांक 374/25 भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच में लिया हैं।

इस मामले के संबंध में वारासिवनी नगर के वार्ड नम्बर 2 निवासी किशोर डेकाटे उम्र 43 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में की गई शिकायत अनुसार वारासिवनी नगर के ही वार्ड नम्बर 15 सिविल लाईन निवासी अनुरोध मिश्रा पिता अवधेश मिश्रा द्वारा अच्छे रिटर्न का लालच देकर उससे डीए एआई ऐप में रुपये निवेश करवाये गए। अनुरोध मिश्रा के कहने पर किशोर डेकाटे ने 3 जुलाई 2024 की दोपहर 2 बजे से लेकर 22 जुलाई 2024 के शाम 7 बजे के बीच अपने घर से ही मोबाइल से डीए एआई ऐप में दिए हुए बार कोड में लगभग 7 लाख रुपये ट्रान्सफ र किया। लेकिन 22 जुलाई 2024 की रात लगभग 9 बजे डीए एआई ऐप अचानक बंद हो गया।

अचानक ऐप के बंद होने से घबराए हुए किशोर डेकाटे ने अनुरोध मिश्रा से अपने निवेश किए गए रुपयों के बारे में पूछा, तो अनुरोध मिश्रा ने ऐप बंद होने की बात कही और रुपये के बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर दिया। जब उसने अपने रूपये वापस मांगे, तो अनुरोध मिश्रा ने रुपये वापस करने से इंकार कर दिया। जिससे किशोर डेकाटे के लगभग 7 लाख रुपये डूब गये।

### धोखाधड़ी का मामला किया गया हैं दर्ज

पुलिस ने शिकायत की जांच के उपरांत मामले में प्रार्थी किशोर पिता तुकड्यादास डेकाटे की रिपोर्ट पर अनुरोध मिश्रा पिता अवधेश मिश्रा निवासी वार्ड नंबर 15 सिविल लाईन वारासिवनी के खिलाफ अपराध क्रमांक 374/25 में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318 (4) के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।




बताया जा रहा है कि डीए एआई ऐप जो लिंक के माध्यम से एक मोबाइल से दूसरे मोबाइल में दी जाती थी। उसे खोलने पर उसके अंदर हजारों रुपये में एआई रोबोट को खरीदा जाता था। यह मासिक अवधि के लिए निवेश होता था, जिसमें प्रतिदिन सैकड़ो या हजारों रुपये देने का दावा किया जाता था। वहीं ऐप के व्हाट्सएप्प ग्रुप के माध्यम से कूपन और विभिन्न आॅफ र दिए जाते थे। जिससे अच्छे रिटर्न मिलने की लालसा में लोगों के द्वारा निवेश किया गया था। किंतु लोगों का मासिक टर्म पूरा होने के पहले ही डीए एआई ऐप बंद हो गया, जिसमें लोगों के लाखों रुपये डूब गए। देखना यह हैं कि अब इस मामले में पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तरी कब की जाती है?

# सचिव सत्येंद्र शेंडे को दी विदाई, चौधरी ने संभाला पुलपुट्टा पंचायत का प्रभार



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी जनपद की ग्राम पंचायत पुलपुट्टा में एक अगस्त को पुलपुट्टा पंचायत सचिव सत्येंद्र शेंडे के सावरी स्थानांतरण पर उन्हें विदाई दी गई।इस अवसर पर युवराज चौधरी ने ग्राम पंचायत पुलपुट्टा में सचिव का प्रभार ग्रहण किया।1 अगस्त को पंचायत मिटिंग के दौरान विदाई समारोह का आयोजन पंचायत भवन पुलपुट्टा में रखा गया । इस दौरान ग्रामीण जनता और पंचगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर पुलपुट्टा सरपंच विजय सोनवाने, उपसरपंच विनोद बोरकर,सहायक सचिव वामन सोनवाने व पंचगणों ने सत्येंद्र शेंडे को फूलमाला पहनाकर गुलदस्ता भेंट कर विदाई दी। वहीं नवागत सचिव युवराज चौधरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। बताया की श्री सत्येन्द्र शेंडे नवम्बर 2021 से ग्राम पंचायत पुलपुट्टा में सचिव के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उन्होंनो अधिक से अधिक ग्रामीवासियो को शासन से मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित किया अब इनका स्थारणतर सावरी ग्राम पंचायत में हुआ. है । इस दौरान शेंडे ने नये सचिव युवराज चौधरी को पदभार देते हुए बेहतर क्रियान्वयन की आशा जताते हुए अपने सम्बोधन को विराम दिया।इस अवसर पर उप-सरपंच विनोद बोरकर और संजय तांडेकर अश्क ने संचालन करते हुए अपने अपने विचार रखे।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
PARAMEDICAL
BPT I BMLT
BHN I DMLT I DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA I MCA
B.SC. I M.SC.
DCA I PGDCA
COMMERCE
•B.Com•M.Com
NURSING
GNM I B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111